इंदौर स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में भी देश में प्रथम

चर्चा में क्यों?

23 अगस्त, 2023 को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2023 में इंदौर ने देश में एक बार फिर सफलता का परचम फहराया है। 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में इंदौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

प्रमुख बिंदु

- इसी श्रेणी में भोपाल ने 5वाँ, जबलपुर ने 13वाँ और ग्वालियर ने 41वाँ स्थान प्राप्त किया है।
- प्रमुख सचिव पर्यावरण गुलशन बामरा ने बताया कि 3 लाख से 10 लाख तक की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में प्रदेश के सागर को 188.02 अंकों के साथ देश में 10वाँ स्थान मिला है।
- 3 लाख से कम आबादी वाले शहरों में देवास ने 180 अंकों के साथ देश में 6वाँ स्थान प्राप्त किया है।
- उल्लेखनीय है कि गत वर्ष देवास ने 200 में से 175.05 अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त किया था। इंदौर को 200 में से 187, भोपाल को 181, जबलपुर को 172 और ग्वालियर को 114 अंक हासिल हुए हैं।
- स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2023 में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में प्रथम पाँच में से दो पुरस्कार मध्य प्रदेश के खाते में पांचवाँ हैं। इंदौर को पहला, आगरा को दूसरा, ठाणे को तीसरा, श्रीनगर को चौथा और भोपाल को 5वाँ स्थान मिला है।
- प्रदूषण नियंत्रण के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम में 'प्राण' ऑनलाइन पोर्टल पर शहरों द्वारा भी स्व-मूल्यांकन किया जाता है।
- शहरों को ठोस अपशिष्ट, सड़क धूल, निर्माण और विध्वंस कचरे का प्रबंधन, वाहनों के उत्सर्जन पर नियंत्रण और औद्योगिक प्रदूषण के संबंध में लागू की गई गतिविधियों और उपायों की रिपोर्ट देनी होती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indore-is-also-first-in-the-country-in-clean-air-survey